Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बालोतरा में आरोपी भू–अभिलेख निरीक्षक (आर.आई.), सर्किल नगर, तहसील गुड़ामालानी, जिला बालोतरा रिश्वत राशि 20,500/– रूपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 23 जून, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी **नारायणलाल, भू–अभिलेख निरीक्षक (आर.आई.), सर्किल नगर, तहसील गुड़ामालानी, जिला बालोतरा** को परिवादी द्वारा अपनी कृषि भूमि के नेखमबन्दी हेतु न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट गुड़ामालानी में दायर वाद संख्या 21/2023 में नेखमबन्दी बाबत् पारित आदेश की पालनार्थ नियुक्त कमीशनर तहसीलदार गुड़ामालानी से नेखमबन्दी हेतु आदेश के द्वारा नियुक्त आरोपी नारायणलाल आर.आई. द्वारा मौके पर नेखमबन्दी करने की ऐवज में रिश्वत राशि 26,000/– रूपये की मांग कर प्राप्त किये एंव सह–परिवादी के आग्रह पर इसमें से 5500/– रूपये वापस कर शेष 20,500/–रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिता सह–परिवादी के कृषि भूमि की नेखमबन्दी करने की ऐवज में परिवादी से 30,000/– रूपये रिश्वती राशि की मांग कर परेशान कर राजस्थान था। इसमें से वक्त सत्यापन 4000/– रु. प्राप्त किये एंव शेष रिश्वती राशि 26,000/– रूपये आज वक्त लेन–देन प्राप्त कर इसमें 5500/– रूपये सह–परिवादी के आग्रह पर वापस करते हुए शेष राशि 20,500/– रूपये प्राप्त करते किये।

जिस पर एसीबी रैन्ज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में आज ए.सी.बी. इकाई बाड़मेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार** द्वारा एसीबी इकाई बाड़मेर कि टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी नारायणलाल को परिवादी एवं सह–परिवादी से रिश्वती राशि 26,000/– रूपये आज वक्त लेन–देन प्राप्त कर इसमें 5500/– रु. सह–परिवादी के आग्रह पर वापस करते हुए शेष राशि 20,500/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया हैं।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी हैं। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **हेल्पलाइन नंबर 1064** एवं **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94135–02834** पर 24X7 संपर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे ऐसी भी आपके वेध कार्य को करवाने में पूरी तरह सहायता करेगी।